डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
मोहान रोड, लखनऊ वेबसाइटः http://dsmru.up.nic.in

# आवश्यक सूचना

(चुनौती मूल्यांकन हेतु)

विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 19वीं बैठक दिनाँक 17.10.2025 के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–4/19 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थी जो शैक्षिक सत्र–2024–25 की सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम के सापेक्ष कतिपय प्रश्न–पत्रों में अपने मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं हैं एवं चुनौती मूल्यांकन हेतु आवेदन करना चाहते हैं तो चुनौती मूल्यांकन व्यवस्थान्तर्गत प्रथम चरण हेतु परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से समय–सीमा 30 दिन एवं द्वितीय चरण हेतु निर्धारित समय–सीमा परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 45 दिन की अवधि से छूट प्रदान करते हुए 15 दिन की अतिरिक्त समयावधि प्रदान किये जाने सम्बन्धी सूचना निर्गत कर चुनौती मूल्यांकन के आवेदन हेतु अवसर प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। यह व्यवस्था मात्र शैक्षिक सत्र–2024–45 के सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा में प्रतिभाग कर चुके विद्यार्थियों पर ही प्रभावी होगी एवं इसे भविष्य के लिये दृष्टांत नहीं माना जायेगा।

उपरोक्त के क्रम में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की 19वीं बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में मात्र शैक्षिक सत्र–2024–25 के सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा में प्रतिभाग कर चुके ऐसे विद्यार्थियों जो अपनी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन से असंतुष्ट है, को चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रियान्तर्गत एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 13.12.2025 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में चुनौती मूल्यांकन के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण (परीक्षा विनियमन, 2020 के बिन्दु संख्या–7 में दी गयी व्यवस्थानुसार शुल्क आदि जमा करते हुए) करते हुए अपना आवेदन/प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, दिनाँक 13.12.2025 के पश्चात् किसी भी प्रकार का अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकःCOE-408 /COE-58/Chal.Eval./DSMNRU/Exam/2025-26 — दिनांक 28 नवम्बर, 2025

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, विश्वविद्यालय।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

28/11/25

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक